# साइबर कमांडो

[स्रोत: HT](#)

हाल ही में केंद्र सरकार ने अगले पाँच वर्षों में **5,000 'साइबर कमांडो'** को प्रशिक्षित करने और तैयार करने की योजना की घोषणा की है।

- यह घोषणा [इंडियन साइबर क्राइम को-ऑर्डिनेशन सेंटर (I4C)](#) के पहले स्थापना दिवस समारोह के दौरान की गई। **I4C** साइबर अपराध से संबंधित मुद्दों से निपटने के लिये एक **राष्ट्रीय स्तर का समन्वय केंद्र** है।
- इन साइबर कमांडो को IT **अवसंरचना सुरक्षा , डिजिटल फोरेंसिक और इंसिडेंट रेस्पोंसे** में प्रशिक्षित किया जाएगा ।
- **साइबर कमांडो के साथ अन्य लॉन्च:**
  - **केंद्रीकृत संदिग्ध रजिस्ट्री:** यह संदिग्ध बैंक खातों और उनसे जुड़े व्यक्तियों का एक केंद्रीकृत डेटाबेस है। यह बैंकों, वित्तीय संस्थानों तथा कानून प्रवर्तन एजेंसियों के लिये सुरक्षित रूप से सुलभ होगा।
  - **समन्वय प्लेटफॉर्म:** यह पूरे देश में कानून प्रवर्तन निदेशालय (LEA) के लिये साइबर क्राइम, **डेटा साझाकरण, अपराध की पहचान, विश्लेषण और सहयोग** हेतु वन-स्टॉप डेटा भंडार है।
  - **साइबर धोखाधड़ी न्यूनीकरण केंद्र (CFMC)**: यह बड़े वित्तीय लेनदेन से जुड़े उच्च प्राथमिकता वाले साइबर अपराध मामलों की निगरानी के लिये एक **"वॉर रूम"** के रूप में कार्य करता है।
- **साइबर अपराध सांख्यिकी 2023:** वर्ष 2023 में I4C के एक प्रमुख घटक, **सिटीजन फाइनेंशियल साइबर फ्रॉड रिपोर्टिंग एंड मैनेजमेंट सिस्टम (CFCFMS)** पर पूरे भारत में कुल **1,128,256 साइबर अपराध** की घटनाओं की सूचना दी गई।
  - उत्तर प्रदेश में सबसे अधिक **1,97,547 शिकायतें** दर्ज की गईं, जबकि महाराष्ट्र में सबसे अधिक **9.9 अरब रुपए की धोखाधड़ी** की सूचना मिली।

//




**अधकि पढ़ें:** [साइबर अपराध]

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/cyber-commandos